**जनपद हमीरपुर**

**थाना- सुमेरपुर** **दिनांक 11.09.2026**

## थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा दिव्यांग दंपति से मार-पीट के वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में-

**घटना का विवरण-**

दिनांक 10.09.2026 को सोशल मीडिया पर वायरल प्रकरण दिव्यांग दम्पत्ति के साथ मारपीट के सम्बन्ध में वादिया श्रीमती सुखरनिया पत्नी छोटेलाल प्रजापति निवासी वार्ड नंबर 05 गढ़ी के पास बसंत नगर, थाना सुमेरपुर से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 305/2026 धारा 109(1)/115(2)/352/351(3) बीएनएस व धारा 92(ए) दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम बनाम 1.इन्द्र कुमार पुत्र कामता प्रसाद प्रजापति 2.अनीता पत्नी इन्द्रकुमार प्रजापति 3. एक बाल अपचारी निवासीगण वार्ड न0- 5 बसन्तनगर कस्बा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

**पुलिस कार्यवाही-**

अवगत कराना है कि आज दिनांक 11.09.2026 को थाना सुमेरपुर पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त 1. इन्द्रकुमार पुत्र कामता प्रसाद प्रजापति को पशु बाजार तिराहा, कस्बा व थाना सुमेरपुर के पास से तथा अभियुक्ता 2. अनीता पत्नी इन्द्रकुमार को तपोभूमि के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। साथ ही 01 बाल अपचारी को पुलिस निगरानी में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का विवरण-**

1.इन्द्रकुमार पुत्र कामता प्रसाद प्रजापति।

2.अनीता पत्नी इन्द्रकुमार निवासीगण वार्ड न0-05 बसन्तनगर कस्बा व थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर।

3.एक बाल अपचारी पुलिस निगरानी में।

**गिरफ्तारी का स्थान-**

भिन्न भिन्न थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर।

**पुलिस टीम**

1.उ0नि0 मनीष पटेल

2.का0 हर्षवर्धन

3.म0का0 अंजली वर्मा

